शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

सेवा में,

1—समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
उत्तर प्रदेश।

2—कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक डिग्री विकास/ 1622 /2025—26 दिनांक:— 11-09-2025

विषय: "चिवनिंग भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना" के सम्बन्ध में बैठक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक 2152/ सत्तर—3—2025—08(35)/ 2024— 1033404 दिनांक 18 अगस्त, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जो "चिवनिंग भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना" के सम्बन्ध में है।

उक्त के सम्बन्ध में आज दिनांक 11—09—2025 को हुई बैठक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों के मध्य "चिवनिंग भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना" का व्यापक प्रचार—प्रसार करते हुए छात्र/छात्राओं को अवगत करायें।

भवदीय,

डा0(शशि कपूर) 11.9.25
संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0)
उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0
प्रयागराज।

पृष्ठांकन सं0डिग्री विकास/ 1622-23 /2025—26 उसी तिथि को।

प्रतिलिपि विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग—3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

डा0(शशि कपूर)
संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0)
उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0
प्रयागराज।

कार्यालय क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली

पृष्ठांकन— क्षे.उ.शि.अ./3298-99 /2025—26 दिनांक 19/9/25

प्रतिलिपि— निम्नांकित को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त से अवगत होते हुये आपके संस्थान के छात्रों के मध्य "चिवनिंग भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना" का व्यापक प्रचार—प्रसार करते हुये छात्र/छात्राओं के मध्य व्यापक प्रचार—प्रसार करने का कष्ट करें—

1. कुलसचिव, समस्त निजी विश्वविद्यालय, बरेली एवं मुरादाबाद मण्डल।
2. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त राजकीय/सहायता प्राप्त अशासकीय/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय महाविद्यालय, बरेली एवं मुरादाबाद मण्डल।

प्रो0(डॉ0 सुधीर कुमार)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
बरेली

# राजकीय महाविद्यालय फरीदपुर, बरेली।

## आवश्यक सूचना

दिनांक 20.09.2025

महाविद्यालय के इच्छुक छात्र/छात्रा उपर्युक्त पत्र के अनुपालन में "चिवनिंग भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी उत्तर प्रदेश सरकार छात्रवृत्ति योजना" हेतु www.chevening.org पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आज्ञा से प्राचार्य

संख्या- 2152 / सत्तर-3-2025-08(35)/2024-1833464

प्रेषक,

एम0पी0 अग्रवाल
प्रमुख सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

1- कुलपति, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
2- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4- निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
5- सुश्री सुप्रिया चावला, हेड चिवनिंग स्कालरशिप, ब्रिटिश हाई कमीशन, नई दिल्ली।
6- समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक 18 अगस्त, 2025,

विषय:- "चिवनिंग-भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना" के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश सरकार तथा The Foreign Commonwealth and Development Office (FCDO) UK के सहयोग से "चिवनिंग-भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृति योजना" का संचालन किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश के 05 प्रतिभावान छात्रों को UK में मास्टर डिग्री लेने हेतु छात्रवृति प्रदान किये जाने का लक्ष्य निर्धारित है, जिससे प्रदेश के प्रतिभावान छात्रों को UK में मास्टर डिग्री प्राप्त करने में सहायता प्राप्त हो सकेगी। प्रतिभागियों को UK में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी एक विषय में एक वर्ष के अध्ययन हेतु छात्रवृति प्रदान की जायेगी।

2- The Foreign Commonwealth and Development office (FCDO) UK सरकार का एक मंत्रीस्तरीय विभाग है। यह विश्व में UK के राजनयिक, विकास और काउंसलर कार्यों का नेतृत्व करता है। भारत से ब्रिटिश उच्चायोग UK और भारत के बीच संबंधों को बनाए रखता है। चिवनिंग ब्रिटिश काउंसिल की एक प्रशासनिक इकाई है।

Scanned with OKEN Scanner

3- " चिवनिंग-भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना" शैक्षणिक वर्ष 2026-27 से आरम्भ होगी, जो 03 वर्ष की अवधि के लिये प्रभावी रहेगी। शैक्षणिक वर्ष 2026-27, 2027-28 तथा 2028-29 के लिए छात्रवृति प्रदान की जायेगी। भविष्य में छात्रवृति जारी रखने हेतु शासन द्वारा पृथक से कार्यवाही की जायेगी।

4- प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के लिये "चिवनिंग-भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृति योजना" हेतु अधिकतम 05 छात्रों का चयन किया जायेगा तथा UK के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में एक वर्ष की मास्टर डिग्री के लिये छात्रवृति प्रदान की जायेगी।

5- आवेदन के समय www.chevening.org पर प्रभावी Chevening Guidance के अनुसार छात्रो को सूचीबद्ध किया जायेगा।

6- " चिवनिंग-भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना" के संचालन की जिम्मेवारी Chevening प्रोग्राम के प्रशासक की होगी।

7- "चिवनिंग-भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना" के अन्तर्गत आवेदन एवं चयन प्रक्रिया:-

(i) छात्रवृत्ति के लिए आवेदन Chevening Online Application system के माध्यम से किया जा जायेगा।

(ii) आवेदन की समय सीमा समाप्त होने के बाद Chevening द्वारा पात्र आवेदकों की एक सूची तैयार करेगा, जो पात्रता मानदण्डों के अनुसार होगा।

(iii) Chevening द्वारा चयनित योग्य आवेदनों में से 05 प्रतिभागियों का चयन करने हेतु एक समिति का गठन किया जायेगा, जिसमें एक क्षेत्रीय विशेषज्ञ और एक अकादमिक विशेषज्ञ सम्मिलित होंगे, को भेजा जायेगा।

(iv) समिति द्वारा सभी पात्र आवेदनों का मूल्यांकन करते हुए अनुशंसित आवेदकों की एक लंबी सूची तैयार की जायेगी।

(v) अनुशंसित आवेदकों की विस्तृत सूची के आवेदनों की समीक्षा FCDO द्वारा की जायेगी।

(vi) FCDO पोस्ट उन आवेदकों की संक्षिप्त सूची तैयार करते हुए साक्षात्कार के लिए बुलाया जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

(vii) FCDO पोस्ट Online Application system के माध्यम से शासन के साथ साक्षात्कार के लिए आवेदकों के विवरण साझा करेंगे।

(viii) Chevening चयनित आवेदको को साक्षात्कार के लिए सूचित करेगा।

(ix) MoU में दोनो पक्षों के प्रतिनिधि निर्धारित तिथि या तय की जाने वाली तिथि पर साक्षात्कार पैनल में सम्मिलित होंगे। प्रदेश सरकार एक बाहरी साक्षात्कार पैनलिस्ट को नामित कर सकती है। यदि बाहरी साक्षात्कार पैनलिस्ट किन्हीं कारणों से साक्षात्कार पैनल में नहीं सम्मिलित हो पाते हैं तो उत्तर प्रदेश सरकार इस कार्य हेतु FCDO Post को अधिकृत कर सकती है।

8- "चिवनिंग-भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृति योजना" के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को निम्नलिखित भुगतान किये जायेंगे :-

(i) शैक्षणिक शिक्षण शुल्क के साथ परीक्षा एवं Thesis शुल्क।

(ii) एकल छात्र के लिए रहने का खर्च हेतु पर्याप्त मासिक भत्ता

(iii) एक भत्ता पैकेज

(iv) निवास स्थान से स्वीकृत मार्ग के लिए एक वापसी विमान किराया (इकनोमी क्लास) ताकि आने-जाने की यात्रा को Cover किया जा सके।

9- "चिवनिंग-भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृति योजना" के अन्तर्गत प्रति छात्र लगभग £38,048- £42,076 (38,048-42,076 पाउन्ड) का व्यय आयेगा, जिसमें से राज्य सरकार को प्रति छात्र लगभग £19,800 (19,800 पाउन्ड) का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा। शेष धनराशि का निर्वहन The Foreign Commonwealth and Development office (FCDO) UK द्वारा किया जायेगा।

10- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों के मध्य "चिवनिंग-भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार छात्रवृति योजना" का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अग्रेतर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

Digitally signed by ...asad Agr
Date: 18-08-2025
(एम0पी0 ...)
प्रमुख सचिव

Scanned with OKEN Scanner